राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018

www.rsmssb.rajasthan.gov.in   दूरभाष नं. 0141–2722520

क्रमांकः प.8() RSSB / प.अ. / प्रेसनोट(विविध) / 2023–24 / 819   दिनांकः 02/12/2023

–:: प्रेस नोट ::–

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर में कुछ गोपनीय सूचनाऐं प्राप्त हुई है कि शारीरिक शिक्षक भर्ती परीक्षा–2022, अध्यापक सीधी भर्ती परीक्षा लेवल–1 एवं 2 में कुछ अभ्यर्थियों द्वारा अपने स्थान पर डमी अभ्यर्थी की फोटो लगाकर परीक्षा दिलवाई एवं स्वंय परीक्षा में चयनित हो गये है अथवा चयनित होने का प्रयास किया। ऐसे 06 नये मामले और सामने आये जिनमें अभ्यर्थियों ने ग्राम विकास अधिकारी भर्ती परीक्षा–2021, पटवार भर्ती परीक्षा–2021, समान पात्रता परीक्षा (स्नातक स्तर)–2022 एवं कनिष्ठ अभियंता भर्ती परीक्षा–2020, अध्यापक सीधी भर्ती परीक्षा लेवल–1 एवं 2 आदि परीक्षाओं में पहले भरे गये फ़ॉर्म से फोटो का मिलान करने पर पाया गया कि अपने स्थान पर कुछ भर्तियों में डमी अथ्यर्थियों के फोटो को अपलोड कराया एवं उनसे परीक्षा दिलायी, इस प्रकार डमी अभ्यर्थियों के बूते पर चयनित भी हो गये। संदेह के आधार पर 06 अभ्यर्थियों के विरूद्व पुलिस थाना सांगानेर जयपुर में दिनांक 01.12.2023 को अपराध पंजीबद्व करवाया गया।

इसके पहले 10 अक्टूवर 2023 को RSSB ने 15 अभ्यर्थियों के खिलाफ PTI भर्ती परीक्षा 2022 के संबंध में डमी अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा देने की शिकायत पर अपराध पंजीबद्व करवाया जा चुका है, जिसकी जॉच पुलिस द्वारा की जा रही है।

मेजर जनरल आलोक राज, अध्यक्ष राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड सभी अभ्यर्थियों एवं अभिभावकों को आगाह करना चाहते है कि वे परीक्षा स्वंय ही दे और डमी का सहारा न लें, नही तो आपको और आपके साथ उन सभी को जो इसमें शामिल पाये जायेंगे के विरूद्व सख्त कानूनी कार्यवाही की जावेगी तथा नये कानून के अनुसार इसकी आपको भारी कीमत चुकानी पड सकती है। युवा, पेपर लीक नकल एवं डमी का उपयोग आदि अन्य ऐसे चयन के गलत तरीकों से दूर रहें। हम चाहेंगे कि युवा वर्ग के परिवारजन अभ्यर्थियों को सही राह दिखायें एवं गलत तरीके अपनाकर अपना जीवन बर्बाद करने से बचाए।

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड शिकायतों की जॉच जारी रखेगा एवं फर्जी प्रकरणों की सक्षम स्तर पर जॉच करवाकर कठोर कानूनी कार्यवाही अमल में लायेगा ताकि सिर्फ काबिल अभ्यर्थियों का ही चयन हो सकें ताकि ऐसी अपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाकर नकल माफियाओं पर नकेल कसी जा सके।

(संजय कुमार माथुर)
सचिव